दक्षिण-पूर्व और मध्य रेलवे में गार्ड-रहित रेल गाड़ियों का चलाया जाना

*477. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991–92 और 1992–93 के दौरान दक्षिण-पूर्व और मध्य रेलवे में चलाई गई गार्ड-रहित रेल गाड़ियों की वर्ष-वार संख्या कितनी-कितनी है ;

(ख) गार्ड-रहित और गार्डयुक्त रेल गाड़ियों से हुई दुर्घटनाओं की वर्षवार संख्या कितनी है ;

(ग) गार्ड-रहित रेल गाड़ियों से हुई दुर्घटनाओं के कारण दोनों रेल मंडलों में हुई जान-माल की क्षति का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किये गए हैं कि गार्ड के बिना कोई भी रेलगाड़ी न चलाई जाये तथा इस शर्त को बाध्यकारी कब तक बना दिया जायेगा ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) मध्य रेलवे : वर्ष 1991–92 और 1992–93 (अप्रैल-फरवरी) के दौरान मध्य रेलवे पर गार्ड के बिना कोई गाड़ी नहीं चलाई गई थी ।

दक्षिण-पूर्व रेलवे : वर्ष 1991–92 के दौरान गार्ड के बिना कोई गाड़ी नहीं चलाई गई थी ।

वर्ष 1992–93 (अप्रैल–फरवरी) के दौरान केवल एक विभागीय गाड़ी गार्ड के बिना चलाई गई थी ।

(ख) (1) वर्ष 1992–93 (अप्रैल–फरवरी) के दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे पर गार्ड के बिना चलाई गई केवल एक विभागीय गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी ।

(2) रेलवे	उन दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों की संख्या जिनमें गार्ड थे	
	1991–92	1992–93 (अप्रैल–फरवरी)
मध्य	54	51
दक्षिण पूर्व	85	93

(ग) (1) रेलवे	मारे गये व्यक्तियों की संख्या	
	1991–92	1992–93 (अप्रैल-फरवरी)
मध्य	—	—
दक्षिण पूर्व	—	7 (रेल कर्मचारी)

(2) रेलवे	क्षति की लागत	
	1991–92	1992–93 (अप्रैल–फरवरी)
मध्य	—	—
दक्षिण पूर्व	—	1,84,80,000 रुपये

(घ) सामान्यः गार्ड के बिना कोई गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं दी जाती । बहरहाल, विशिष्ट परिस्थितियों में जब कभी गार्ड के बिना कोई माल गाड़ी चलानी ही पड़े, तो संरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इसके लिये विस्तृत अनुदेश निर्धारित किये गये हैं ।

Action Plan for Global Disarmament

*478. DR. SANJAYA SINH: Will the Minister of EXTERNALAFFAIRS be pleased to state:

(a) whether an Indian Action Plan for Global Disarmament had been